54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.9°c
अधिकतम 20.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:55, सूर्यास्त - 6:11 | वर्ष : 54/ अंक : 49 | बृहस्पतिवार, 19 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4


**अमृतवाणी**

जो दूसरों की राहों में अंधेरा करते हैं, उजाले उनको भी नसीब नहीं होते।

भारत सिर्फ ग्लोबल इनोवेशन में हिस्सा नहीं लेता बल्कि उसे लीड भी करता है : इमैनुएल मैक्रों



चन्द लोगों को छोड़ कर....सभी भारतीय इस बात पर गर्व करते हैं....


खुशियों के आसमां का जहाँ, बेहद खूबसूरत है, हमारा ये आशियां।

**मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत परियोजना द्वारिका सिटी में इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग एवं अल्प आय वर्ग (जी+3) फिनिश्ड फ्लैट्स प्राप्त करने का**

## सुनहरा अवसर

| वर्ग | बिल्टअप एरिया | कॉर्पेट एरिया | भवन की संरचना | निर्धारित मूल्य (रूपये) | भवनो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| ई.डब्लू.एस. G+3 | 25.544 वर्ग मी0 (274.95 वर्ग फुट) | 22.048वर्ग मी0 (237.32वर्ग फुट) | 1 रूम, किचन व टॉयलेट | रू0 4,51,582.00 | 228 |
| एल.आई.जी. G+3 | 36.02 वर्ग मी0 (387.716 वर्ग फुट) | 31.245वर्ग मी0 (336.32वर्ग फुट) | 1 बैडरूम, 1 लिविंग रूम, किचन व टॉयलेट | रू0 10,87,190.00 | 228 |
| **भुगतान एवं अन्य विवरण हेतु पंजीकरण पुस्तिका का अवलोकन करें।** | | | | | |

द्वारिका सिटी में इन्टीग्रेटिड टाउनशिप नीति के अन्तर्गत रूडकी-मेरठ बाईपास रास्ते पर स्थित दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के अन्तर्गत किफायती आवासीय योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित पंजीकरण पुस्तिका के आवेदन शुल्क रू0 200.00 जमा कराते हुए पंजीकरण पुस्तिका द्वारिका सिटी, जानसठ रोड स्थित कार्यालय से एवं निर्धारित बैंक से प्राप्त की जा सकती है।

पंजीकरण फार्म को द्वारिका सिटी कार्यालय, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण पुस्तिका में अंकित धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक/पे-ऑर्डर संलग्न करते हुए नियमानुसार जमा कराया जा सकता है। प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों की पात्रता/अपात्रता की जांच जिला नगरीय विभाग अभिकरण, मुजफ्फरनगर ( डूडा ) से करायी जायेगी तथा जांचोपरान्त पाये गये पात्र आवेदकों के मध्य शासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से निर्धारित स्थान पर लॉटरी ( ड्रा ) का आयोजन करते हुए नियमानुसार भवन आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

नोट :- शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार आरक्षण लागू होगें।

## द्वारिका सिटी इंटीग्रेटेड टाउनशिप

जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर ( उत्तर प्रदेश )

**दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग हेतु किफायती आवासीय योजना**

पंजीकरण अवधि 20.02.2026 से 20.04.2026 तक



यू0पी0रेरा रजिस्ट्रेशन नं0 UPRERAPRJ170765/03/2025

Project Start Date : 01-07-2023

Website : www.up-rera.in



25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

## मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (गाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श, आपके शहर मुज़फ्फरनगर में



**ओ.पी.डी. शेड्यूल**

**डॉ. अजय प्रजापति**
सीनियर कंसल्टेंट - न्यूरोसर्जरी

शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026
सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे
रामा कृष्णा हॉस्पिटल, टाउन हॉल रोड, मुजफ्फरनगर

**समस्याएँ:** सिर दर्द, कमर दर्द, हाथ पैर का सुन्न होना, चक्कर आना, साइटिका, सर्वाइकल, डिस्क प्रोलैप्स, स्पोंडिलोसिस, ब्रेन एंड स्पाइन ट्यूमर, माइक्रो न्यूरो सर्जरी, मिर्गी का दौरा इत्यादि।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
+91 - +91-82188 74540

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012 (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000


ओम शान्ति ओम ओम शान्ति ओम

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ।।

## रस्म तेरहवीं एवं शोक सभा



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूजनीय माताजी

**श्रीमती मिथलेश सिंघल जी** (पत्नी स्व. लाला रामसेवक सिंघल जी)

का स्वर्गवास मंगलवार, दिनांक 10 फरवरी 2026 को हो गया है। वह अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु के श्री चरणों में विलीन हो गई हैं। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु

**रस्म तेरहवीं /शोक सभा शुक्रवार, दिनांकः 20 फरवरी, 2026 को होनी निश्चित हुई है।**

ब्रह्मभोज ........................................12:00 बजे दोपहर
रस्म तेरहवीं एवं शोक सभा ........................................02:00 बजे दोपहर

**स्थानः- ब्रजमूर्ति पैलेस, स्टेट बैंक के सामने, मेन रोड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर**

**-: शोकाकुल परिवार:-**

शिवम सिंघल (पुत्र) युवा भाजपा नेता
गुनमाला सिंघल- स्व. अम्बेकवर सिंघल (देवर-देवरानी)
नेमचन्द बंसल- स्व. मधुर बंसल (ननदोई-ननद)
बबीता सिंघल- स्व. प्रदीप सिंघल (पुत्री-दामाद)
मंजूषा मित्तल- हरीश मित्तल (पुत्री-दामाद)
सोनू अग्रवाल ( पुत्री)
नीरू गर्ग- मनोज गर्ग (पुत्री-दामाद)
पारूल गोयल-प्रशान्त गोयल (पुत्री-दामाद)
विनी गर्ग- निशांक गर्ग (पुत्री-दामाद)

विशु बंसल-नितिन बंसल (धेवती-धेवती दामाद)
हर्ष सिंघल- चांदनी सिंघल (धेवता-धेवता वधू)
उमंग सिंघल- स्वाति सिंघल (भतीजा-भतीज वधू)
डा० तरंग सिंघल- डा० एकता सिंघल (भतीजा-भतीज वधू)
अवि, भव्य, अक्स, भाविक (धेवते)
प्रत्यश्रा, आयूषी (धेवती)
नक्श, रूद्रांश (पड़धेवते)
नायरा, वमिका (पड़धेवती)
विहान (पौत्र), आरोही, मिशिका (पौत्री)
एवं समस्त सिंघल परिवार, शाहपुर (मुजफ्फरनगर)

**-: प्रतिष्ठान:-**

- **मै0 रतनलाल रामसेवक,** मेन बाजार, शाहपुर, मु०नगर
- **मै0 बेअंत लाल एण्ड कम्पनी**, 225 बी, नवीन मंडी स्थल, मु०नगर
- **मै0 तरूण मैडिकल एजेन्सीज**, जिला परिषद मार्किट, मु०नगर

निवास स्थानः- मौहल्ला सानियान, शाहपुर (मुजफ्फरनगर) M. 9997139441, 8439501404

ओम शान्ति ओम ओम शान्ति ओम

## रस्म तेरहवीं

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ।।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि **श्रीमती शोभा जैन** (धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार) का स्वर्गवास दिनांक:17 फरवरी, 2026 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**शोक सभा/ रस्म तेरहवीं, दिनांक :19 फरवरी, 2026 दिन- बृहस्पतिवार को होनी निश्चित हुई है।**

**शोक सभा/रस्म तेरहवीं: दोपहर 02:00 बजे**

**स्थानः- राज मंदिर बैंकट हॉल, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर**

**-: शोकाकुल परिवार:-**

रविन्द्र जैन-चारू जैन (देवर-देवरानी)
संजय जैन-अरूणा जैन (भतीजा-भतीजावधू)
अजय जैन-शालिनी जैन (भतीजा-भतीजावधू)
रूचिर जैन-राधिका जैन (भतीजा-भतीजावधू)
अविरल जैन- आरूषी जैन (भतीजा-भतीजावधू)

राकेश कुमार जैन (पति)
(पूर्व अध्यक्ष फेडरेशन)
अभिनव जैन-पायल जैन (दामाद-पुत्री)
अंकित जैन-नैन्सी जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
सोमिल जैन, सिद्ध जैन (पौत्र)

**प्रतिष्ठानः- मै0 चन्द्रप्रभु इन्टरनेशनल लि0**

निज निवासः- 5 बी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M:. 9897022633, 9897098377

54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.9°c अधिकतम 20.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:55, सूर्यास्त - 6:11 | वर्ष : 54/ अंक : 49 | बृहस्पतिवार, 19 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | पृष्ठ : 2

**अमृतवाणी**
जो दूसरों की राहों में अंधेरा करते हैं, उजाले उनको भी नसीब नहीं होते।

भारत सिर्फ ग्लोबल इनोवेशन में हिस्सा नहीं लेता बल्कि उसे लीड भी करता है : इमैनुएल मैक्रों



चन्द लोगों को छोड़ कर....सभी भारतीय इस बात पर गर्व करते हैं....

# चौकी इंचार्ज की कुर्सी से मस्ती करनी पड़ी भारी

## पुलिस ने दोनों नशेड़ियों की खुमारी उतारी

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** बुधवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना चौकी में कुर्सी पर बैठा संजीव पंवार नाम का व्यक्ति चौकी इंचार्ज की भूमिका निभाता दिखा, जबकि उसका साथी अभिषेक पंवार संजीव कुमार को चने के झाड़ पर चढ़ाते हुए बोलता हुआ दिखाई दिया कि आज से अभिषेक पंवार इस चौकी के इंचार्ज हैं और जो कोई उनकी नहीं मानेगा उसका इलाज भर दिया जायेगा और सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार है, ऐसे में वें गलत काम करने वालों से सख्ती से निपटेंगे। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो दूसरों का इलाज करने वाले संजीव पंवार व अभिषेक पंवार का खुद ही इलाज हो गया। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और दोनों का इलाज करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया। बताया जाता है कि दोनों युवक बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के माजरा के रहने वाले संजीव पंवार, अभिषेक पंवार हैं। अभी इस बात की जानकारी पुलिस द्वारा नहीं दी गयी कि आखिर किस तरह से उक्त दोनों लोग बुढ़ाना मोड़ चौकी में घुसे और उक्त वीडियो बनाकर कैसे वहां से वापस लौट गये, क्योंकि चौकी पर हर समय कोई ना कोई पुलिसकर्मी रहता ही है। या तो वीडियो बनाने के समय कोई भी पुलिसकर्मी चौकी में मौजूद नहीं था या फिर किसी घटना पर गये हुए थे। यह बात पुलिस द्वारा जानकारी देने के बाद ही साफ हो पायेगी। फिलहाल शराब पीकर चौकी इंचार्ज की कुर्सी से मजाक करना दोनों लोगों को भारी पड़ गया है और दोनों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।





## हरसौली मंदिर प्रकरण में अब ग्राम प्रधान तेजवीर ने दी सफाई, बोले- मूर्ति तोड़ने की सीसीटीवी फुटेज निकलवाई जाये

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** हरसौली मंदिर की मूर्ति तोड़ने के प्रकरण में ग्राम प्रधान तेजवीर ने मीडिया के सामने अपनी सफाई देते हुए अपना स्पष्टीकरण दिया और कहा कि कल महंत ने राजनीति करते हुए जो आरोप प्रधान पर लगाये हैं वह निराधार हैं। ना तो वे किसी वीडियो में वहां मौजूद हैं। हा उनके भाई व भतीजे वहां जरूर मौजूद थे। एक सेवादार से उनकी धक्का-मुक्की हुई और उस पर वें दुख व्यक्त करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि मंदिर की मूर्तियां तोड़ने की बात वें एक सिरे से खारिज करते हैं। यदि उनके द्वारा अथवा उनके भाई-भतीजे द्वारा मूर्ति को छेड़ा भी गया हो तो वें उसकी जिम्मेदारी लेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान हमारे लिए भी उतने ही पूजनीय है, जितने अन्य लोगों के लिए। महंत झूठी अफवाए फैला रहे हैं। ग्राम प्रधान तेजवीर ने कहा कि उन्होंने खुद अपने घर के तीन ट्रैक्टर सेवाभाव से मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा व भंडारे हेतु भेजे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले पांच दिन से उनका भाई वहीं मंदिर सेवा करने हेतु मौजूद था। प्रधान ने कहा कि यदि महंत सच्चे हैं तो जिस समय मूर्ति को छेड़ा गया तो महंत ने उस समय से अगले दिन तक प्रधान को या उनके परिचितों को सूचना तक देना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि मंदिर में सीसीटीवी लगे हुए हैं, प्रशासन फुटेज निकलवाये और जो गलत हो उसके साथ कार्यवाही करें। इस पर हमें कोई ऐतराज नहीं है।



### तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव हरसौली में मंगलवार को उस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया था, जब हरसौली के प्रधान पर मंदिर के महंत पुष्करनाथ के साथ-साथ ग्रामीणों ने खुलकर मंदिर कब्जाने के आरोप लगाए थे। इस मामले में भगवान शिव व कार्तिक भगवान की मूर्ति भी खंडित करने का आरोप ग्राम प्रधान व उसके भाई भतीजों पर लगाया गया था। उक्त मामले में जब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई तो क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल ने घटना का संज्ञान लेते हुए तीन लोग सोहनवीर पुत्र पिंटू पुत्र धर्मसिंह, अजय पुत्र तेजवीर निवासीगण ग्राम हरसौली, थाना शाहपुर व अरुण पुत्र कलवा पुत्र राजवीर निवासी ग्राम लच्छेड़ा, मंसूरपुर के खिलाफ धारा 115 (2)/ 109 (1)/298/351 (3) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। सीओ का बताना है कि जल्द ही तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। तीनों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर ली गयी है। आपको बता दें कि हरसौली के इस मंदिर में लम्बे समय से विवाद चला आ रहा है। कभी कूटनीतिक ढंग से मंदिर में मिस्त्री को चप्पल पहनने पर कार्य करते हुए आपत्ति जताई जाती है तो कभी किसी अन्य विवाद में महंत को घेरने की कोशिश करते हुए मंदिर पर कब्जा करने की योजनाएं ग्राम प्रधान व उसके भाई भतीजों द्वारा बनाई जाती है। पिछले कई वर्षों से ये मंदिर विवादों के घेरे में है और मंगलवार को तो भगवान शिव व कार्तिक की मूर्ति खंडित होने के बाद ग्रामीणों ने खुलकर बताया कि ग्राम प्रधान ने एक सेवक की ले जाकर पहले उसकी पिटाई की उसके बाद महंत को मारने की धमकी दी गयी। साथ ही साथ प्रधान मंदिर पर कब्जा करना चाहता है।

# असामाजिक तत्वों ने शुरू किया करोड़ों रुपए के विकास को विनाश में बदलने का कार्य

## जिलाधिकारी आवास के सामने हुए विकास में वंदे भारत का बैनर फाड़ा

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा लगातार शहर में विकास के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं। उन प्रयासों में वे कभी एमडीए तो कभी नगर पालिका को निर्देश देकर नगर का सौंदर्यकरण करने में लगे हुए हैं, फिर चाहे महावीर चौक पर चौराहे के सौंदर्यकरण कराने के प्रयास हों या फिर उनके आवास के सामने एमडीए द्वारा कराए गए शुक्रतीर्थ का पैदल मार्ग बनाने का कार्य हो, मगर असामाजिक तत्व यहां पर भी धींगामुश्ती करने में लगे हुए हैं और अभी इस सौंदर्यकरण का उद्घाटन हुए एक माह भी पूरा नहीं हुआ है, उससे पहले ही असामाजिक तत्व उसे उधेड़ने में लग गए हैं, जिसका एक जीता जागता उदाहरण सामने आया है, जहां असामाजिक तत्वों ने वंदे मातरम का बैनर फाड़ दिया है। पिछले दो दिनों से यह बैनर पूरी तरह फटा पड़ा है, मगर अभी तक किसी का ध्यान इस पर नहीं गया। ऐसे में कुछ माह बाद इस विकास का विनाश करने में यहां घूमने वाले असामाजिक तत्व कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। फिलहाल मुजफ्फरनगर में सौंदर्यकरण का यह पथ सबसे शानदार उदाहरण है। यहां बच्चों के शानदार झूले लगने के साथ-साथ सेल्फी प्वाइंट, खूबसूरत लाइटिंग से सजाया गया पोल आते-जाते लोगों को आकर्षित कर रहे हैं और बीच में नीले रंग की टाइलें लगाकर स्विमिंग पूल का अहसास करता दिखाई दे रहा है। इस विकास को असामाजिक तत्वों द्वारा और कितना पलीता लगाया जाता है, यह देखने वाली बात यह है।





### कैमरे ना लगे तो जल्द ही विनाश में बदल जाएगा विकास

**मुजफ्फरनगर।** यदि इस पूरे क्षेत्र को जल्द ही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नहीं लाया गया, तो असामाजिक तत्व यहाँ की खूबसूरती को तहस-नहस कर देंगे। हाल ही में हुए सौंदर्यकरण के बाद यह क्षेत्र शहर के लिए एक गौरव का विषय बना है, लेकिन रात के अंधेरे में यहाँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। जानकारों के अनुसार महंगे उपकरणों की सुरक्षा, यहाँ लगी लाइटें और बच्चों के लिए लगाए गए झूले काफी महंगे हैं, जिन्हें चोरी या क्षतिग्रस्त किए जाने का खतरा है। दीवारों पर की गई पेंटिंग और बिछाई गई टाइलों को भी कुछ शरारती तत्वों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे परिसर को हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाए। इसके साथ ही, रात के समय पुलिस की गश्त बढ़ाने की भी अपील की गई है, ताकि अराजक तत्वों पर लगाम कसी जा सके।

# चांद के दीदार के साथ मुस्लिम इलाके गुलजार

## आज पहले रोजे के साथ शुरू होगा रमजान, बाजारों में खरीदारी को उमड़े लोग

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** जिले में तो बादलों के कारण रमजान का चांद नहीं दिखा, लेकिन देश के तमाम इलाकों में चांद नजर आने के बाद रमजान का ऐलान कर दिया गया। इसके साथ ही तराबीह का दौर शुरू हो गया और तमाम लोग सहरी के लिए खरीदारी में उमड़ पड़े। इसके चलते खालापार समेत तमाम मुस्लिम इलाकों में शाम होते ही चहल पहल नजर आई।

चांद के दीदार के साथ रमजान का ऐलान होते ही तमाम मुस्लिमों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मस्जिदों से चांद का ऐलान हुआ और तराबीह की नमाज पढ़ी गई। रमजान के ऐलान के साथ गुरुवार को पहला रोजा होगा। इसके लिए सहरी का सामान खरीदने के लिए तमाम लोग बाजारों में निकले। सऊदी में कल चांद हो जाने के बाद आज चांद दिखना तय हो गया था। ऐसे में सुबह से ही लोग रमजान के लिए तैयारियां कर रहे थे। शाम को जैसे ही चांद का ऐलान हुआ खालापार, लद्दावाला, मल्हूपुरा, सरवट व सूजडू समेत तमाम इलाकों के साथ जिले भर में अहले इस्लाम बाजारों में खरीदारी के लिए निकले तो वहां खासा चहल पहल नजर आई। खालापार में फेनी, खजला, ब्रेड, मेवा और दूध की खरीदारी के लिए लोग निकले। ठेलियों पर सजाए गए सहरी के सामान की खरीदारी का पूरा जोर रहा। लोगों ने अपनी हैसियत के हिसाब से सामान खरीदा। मुस्लिम महिलाएं सेहरी और इफ्तार की तैयारियों के लिए आवश्यक सामान खरीदती नजर आई। बच्चों में भी रमजान को लेकर उत्साह नजर आया। मीनाक्षी चौक और खालापार, लद्दावाला तथा मल्हूपुरा में देर रात तक पूरी रौनक नजर आई। सहरी के अलावा कल इफ्तारी के लिए भी खजूर, फल और दूसरे सामान की खरीदारी का भी दौर तेज हो गया। शाम को मस्जिदों में तराबीह की नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। इसके साथ ही एक माह तक तराबीह के साथ रोजा व नमाज की पाबंदी के साथ यह माह शुरू हुआ। आलिमे दीन ने बताया कि रमजान बरकतों के साथ रहमतों का भी महीना है और इस माह में की जाने वाली इबादत का कई गुना फल मिलता है। 19 फरवरी से रमजान शुरू होने के बाद अब आखिरी रोजा 20 मार्च को होगा। इस दौरान पांच जुमे 20 फरवरी, 27 फरवरी, 6 मार्च, 13 मार्च और 20 मार्च को पड़ेंगे। इस हिसाब से इस बार आखिरी रोजा अलविदा जुमा के दिन होने की संभावना है। ऐसे में इस बार रमजान के साथ ही बीच में होली का भी त्यौहार तीन और चार मार्च को पड़ेगा। इसके चलते पुलिस प्रशासन ने तमाम सतर्कता बरतने के साथ सभी थानों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है।



## चाट खाने आए युवक ने दो दुकानदारों को चाकू मारे

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** झांसी की रानी के पास चाट की दुकान पर पत्ता फेंकने को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने दुकान मालिक को चाकू मार दिया गया। आरोपी को पकड़ने आए दूसरे दुकानदार पर हमला कर दिया। शोर-शराबा होने पर भीड़ ने आरोपी को दबोच लिया। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर ले गयी। मोहल्ला प्रेमपुरी का रहने वाला सोनू झांसी की रानी पर चाट का ठेला लगाता है, जबकि उसके मोहल्ले का जगमाल चाय की दुकान चलाता है। बुधवार को दोपहर के समय एक युवक चाट की दुकान पर चाट खाने के लिए आया और चाट खाने के बाद उसने पत्ता सड़क पर फेंक दिया। इस पर दुकानदार ने चाट के खाली पत्ते को कूड़ेदान में फेंकने के लिए कहा, तो इस बात पर उसने ठेले से चाकू उठाकर सोनू पर हमला कर दिया। घटना को देख दूसरा दुकानदार जगमाल आरोपी को पकड़ने के लिए पहुंचा, तो आरोपी ने दूसरे दुकानदार के सिर में भी चाकू मार दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों ने आरोपी को दबोच लिया। मामले की सूचना पर थाना सिविल लाइन पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कासिफ पुत्र सत्ता निवासी खालापार टंकी को पकड़कर थाने पर ले आयी। पुलिस का कहना कि तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पिछले एक सप्ताह से डिवाइडरों के बराबर में पड़ा है मलबा, खुदे पड़े हैं गड्ढे

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** शहर की लाइफलाइन कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर-मेरठ रोड पर इन दिनों राहगीरों का सफर जान जोखिम में डालकर कट रहा है। सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडरों के सौंदर्यकरण या मरम्मत के नाम पर पिछले एक सप्ताह से खुदाई का काम तो किया गया, लेकिन काम को अधूरा छोड़ दिया गया है। आलम यह है कि डिवाइडरों के पास मलबे के ढेर लगे हैं और गहरे गड्ढे खुदे पड़े हैं, जो किसी बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि व्यस्त मार्ग होने के बावजूद कार्यदायी संस्था या प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। नियमानुसार, निर्माण स्थल पर बैरिकेडिंग या रेडियम साइन बोर्ड होने चाहिएं, लेकिन यहाँ दूर-दूर तक ऐसा कुछ नजर नहीं आता, जबकि रात के समय इससे होने वाला खतरा दोगुना बढ़ जाता है। स्ट्रीट लाइट की कम रोशनी में दोपहिया वाहन चालकों को सड़क किनारे पड़ा मलबा और गड्ढे दिखाई नहीं देते, ऊपर से धूल से परेशान राहगीर किसी तरह बचते हुए निकलते नजर आते हैं। बिखरे हुए मलबे और मिट्टी के कारण उड़ने वाली धूल से वाहन चालकों को आंखों में काफी दिक्कत हो रही है, जिससे टकराने का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी न तो मलबा हटाया गया और न ही गड्ढों को भरने या उचित घेराबंदी करने की जहमत उठाई गई है। भारी वाहनों के गुजरने के दौरान छोटे वाहन चालकों के साथ हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है।

**प्रशासनिक लापरवाही, मुजफ्फरनगर-मेरठ रोड पर खुदे डिवाइडर बने 'डेथ ट्रैप', मंडरा रहा हादसों का खतरा**



# मायावती ने यूपी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का किया एलान

**लखनऊ, 18 फरवरी (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अकेले यूपी विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान किया। अपने बयान में उन्होंने कहा कि इन दिनों लोकतंत्र एवं संविधान को मजबूती प्रदान करने के बजाय 'अर्टिफिशयल इंटेलिजेंस' (एआई) को सफलता की कुंजी बताने की स्वार्थी चर्चाएं चल रही हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी में जैसे-जैसे चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे। हमारे खिलाफ साजिश करेंगे। सिर्फ यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सभी 'अंबेडकरवादियों' को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का आत्म-सम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की बात फेक न्यूज है। यह बिल्कुल गलत, झूठ, हवा-हवाई व मनगढ़ंत है। बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। बसपा के लोगों को यह अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि पार्टियों की सोच संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है। ये लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही इस प्रकार की घिनौनी साजिशें करते रहते हैं। पार्टी समर्थक और कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें। 2007 की तरह ही अकेले चुनाव लड़कर फिर से बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएं। बसपा सुप्रीमो ने दिल्ली के बंगले पर कहा कि मेरी सुरक्षा के हिसाब से लंबे समय बाद टाइप-8 बंगला अलाट हुआ है। इसे मैंने स्वीकार कर लिया है। लेकिन, कुछ लोग इसके बारे में भी गलत व गुमराह करने वाली बातें फैला रहे हैं। इससे भी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।



# मकान में लगी आग से घर में रखा सिलेण्डर तेज धमाके के साथ फटा





**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** मंगलवार देर रात शहर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड पर एक कच्चे मकान में आग लग गयी, जिससे मकान में रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना भयावह था कि मकान की छत और सीमेंट की चादरों के टुकड़े दूर तक गिरे। दमकल विभाग ने मौके पर पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आसपास के क्षेत्र में धमाके के कारण अफरा तफरी मच गयी। मंगलवार देर रात लगभग एक बजे शाहबुद्दीनपुर रोड पर एक कच्चे मकान में आग लग गयी। आग लगने से मकान में रखा गैस का सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे मकान में छत उड़ गयी। छत में प्रयुक्त सीमेंट की चादरों के टुकड़े दूर तक जा गिरे। आग से मकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि मकान में अमन व उसकी मां ऊषा रह रही थी। घटना के समय दोनों मकान में मौजूद नहीं थे, दोनों उज्जैन गए हुए थे, जिस कारण कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया है।

# पंखे से लटका मिला विधवा का शव

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)। खतौली के जावन गांव में एक विधवा का शव घर के कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। शव मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गयी और पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। पुलिस शव लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गयी और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि रीना की शादी वर्ष 2016 में जीवन गांव में हुई थी। वह मेरठ की निवासी है और 2020 में उसकी पति की मौत हो चुकी है, जिसके बाद वह अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ अपने ससुराल में ही रह रही थी। रीना की मौत के बाद रीना के भाई अमित कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने ससुराल पक्ष पर रीना को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। अमित का बताना है कि प्रताड़ित करने के साथ-साथ पूर्व में भी रीना के साथ मारपीट हो चुकी है और परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की फांसी पर लटकाकर हत्या की गयी है। खतौली थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र बघेल का कहना है कि पीड़ित परिवार को जांच के बाद हर हाल में न्याय मिलेगा। मौत के सही कारणों का पता भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने उक्त मामले में गहनता से जांच शुरू कर दी है।**






## 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार तितावी थाना क्षेत्र के मांडी गांव की निवासी 18 वर्षीय राफिया पुत्री फारुख ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर गए हुए थे, जबकि उसकी मां रसोई में खाना बना रही थीं। इसी दौरान युवती अपने कमरे में चली गई और फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजनों को आभास हुआ तो उन्होंने कमरे में जाकर देखा, जहां वह फंदे से लटकी मिलीउसका शव फांसी पर लटका देख परिजनों की चीख निकल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# पत्नी की आंख फोड़ी, सिर में 24 टांके

**शामली,18 फरवरी (बु.)। जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने परिवार के साथ एसपी कार्यालय में शिकायत पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसके पति और सास ने एक सप्ताह पहले उसकी बुरी तरह पिटाई की थी, जिससे उसके चेहरे और सिर पर करीब 24 टांके आए हैं। पीड़िता ने बताया कि इस मारपीट के कारण उसकी दोनों कानों से सुनने की क्षमता भी कम हो गई है। उसका आरोप है कि पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। शामली एसपी ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। यह पूरा मामला शामली कोतवाली क्षेत्र के धीमानपुरा फाटक के पास का है। प्रार्थिया ईशा संगल, पुत्री स्वर्गीय अजय संगल, की शादी आठ वर्ष पहले हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। ईशा संगल का आरोप है कि शादी के समय से ही उसके पति और सास खुश नहीं थे। इसी बात को लेकर उन्होंने उसके साथ मारपीट की।**









## जीएसटी चोरी में कारण ही नहीं, गिरफ्तारी का लिखित आधार बताना भी जरूरी

**प्रयागराज, 18 फरवरी (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जीएसटी चोरी मामले में गिरफ्तारी का कारण बताना ही पर्याप्त नहीं है, उसका लिखित आधार देना जरूरी है। इस प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने पर कोई भी गिरफ्तारी अवैध होगी। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने मेरठ के व्यापारी जय कुमार अग्रवाल की गिरफ्तारी को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। मामले के मुताबिक 29 दिसंबर को महानिदेशक जीएसटी की विजलेंस गाजियाबाद की टीम ने याची के घर की तलाशी ली थी। इसके बाद 16 जनवरी को जीएसटी चोरी के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान मेमो में गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था।

## राज्यसभा की 37 सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

**नई दिल्ली,18 फरवरी (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने बुधवार को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें 12 एनडीए के पास हैं, 25 पर विपक्ष का कब्जा है। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6 और पश्चिम बंगाल-बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। शरद पवार, रामदास अठावले, कणिमोझी, तिरुचि शिवा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि वोट डालते समय केवल रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिए गए तय मानक का वॉयलेट रंग का स्केच पेन ही इस्तेमाल होगा। किसी अन्य पेन का उपयोग मान्य नहीं होगा। आयोग ने कहा है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जागरूकता अभियान भी शुरू किया है। आयोग के मुताबिक 5 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में 1.20 लाख से ज्यादा लोगों ने डेमो कैंप में हिस्सा लिया। 1.16 लाख से ज्यादा लोगों ने मॉक वोट डाले। 10 फरवरी तक 29 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन लोकेशन मोबाइल डेमो वैन से कवर किए जा चुके हैं। यह अभियान ईवीएम डेमो सेंटर और मोबाइल वैन के जरिए चलाया जा रहा है।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर

**नई दिल्ली,18 फरवरी (एजेंसी)।** चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। चीन की कंपनी यूनिट्री ने इस रोबोटिकक डॉग को बनाया है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इसे अपना इंवेंशन बताया था। चीन की कंपनी यूनिट्री ने इस रोबोटिकक डॉग को बनाया है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इसे अपना इंवेंशन बताया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम 'ओरियन' है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी अक के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद कई टेक एक्सपर्ट्स और यूजर्स ने दावा किया कि यह असल में चीनी कंपनी 'यूनिट्री' का 'जी ओ 2' मॉडल है, जो बाजार में 2-3 लाख रुपए में उपलब्ध है। वहीं एक अन्य वीडियो में यूनिवर्सिटी जिस ड्रोन को कैंपस में 'शुरूआत से' तैयार करने का दावा कर रही हैं, उसे यूजर्स ने ?40 हजार वाला रेडीमेड 'स्ट्राइककर बी 3 एआरएफ मॉडल बताया है। एआई समिट में हुई इस घटना के लिए गलगोटिया यूनिवर्सिटी माफी मांगी है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि उनके स्टॉल पर मौजूद एक प्रतिनिधि को प्रोडक्ट के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी। कैमरे के सामने आने के उत्साह में उस लड़की ने कुछ गलत टेक्निकल जानकारियां दे दीं, जबकि उसे मीडिया से बात करने की इजाजत भी नहीं थी। वीडियो वायरल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने कहा- हमने लगातार कैंपस में बेहतरीन टेक्नोलॉजी लाने की कोशिश की है। क्यों? क्योंकि जब छात्र नई चीजें देखते हैं, तभी उनकी सोच विकसित होती है। और यही सोच नए रचनाकारों को जन्म देती है। हाल ही में यूनिट्री से लिया गया रोबोटिक डॉग इसी सफर का एक हिस्सा है। यह सिर्फ दिखाने के लिए रखी गई कोई मशीन नहीं है, यह एक चलता-फिरता क्लासरूम है। हमारे छात्र इस पर प्रयोग कर रहे हैं, इसकी क्षमताओं को परख रहे हैं और इस प्रक्रिया में अपना ज्ञान बढ़ा रहे हैं। हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि गलगोटिया ने यह रोबोटिक डॉग नहीं बनाया है और न ही हमने कभी ऐसा दावा किया है। लेकिन हम ऐसे दिमाग तैयार कर रहे हैं जो जल्द ही भारत में ऐसी ही टेक्नोलॉजी को डिजाइन करेंगे, उनकी इंजीनियरिंग करेंगे और उन्हें यहीं बनाएंगे। इनोवेशन की कोई सीमा नहीं होती। सीखने की भी नहीं होनी चाहिए। हम दुनियाभर से बेहतरीन टेक्नोलॉजी लाना जारी रखेंगे ताकि हमारे छात्र उनका अध्ययन कर सकें, उन्हें चुनौती दे सकें और उनमें सुधार कर सकें और अंत में वर्ल्ड-क्लास समाधान तैयार कर सकें।





**पहले चीनी रोबोट, फिर ड्रोन को अपना बताया, फिर मांगी माफी**

# युवती की हत्या या आत्महत्या में उलझी पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** रेत्ता नगला में सोमवार की शाम एक 21 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत पर पुलिस हत्या या आत्महत्या में उलाी हुई है। बताया गया है कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की। छपार इलाके के रेत्ता नगला निवासी शालू नाम की युवती का शव घर के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने इसे आत्महत्या बताया। शालू की मां और परिवार का कहना है कि उसने फांसी लगाई थी। मां ने तुरंत रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही सीओ सदर डॉ. रविशंकर मिश्रा भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। उसका कहना है कि गले के निशान और कमरे की स्थिति में विरोधाभास नजर आ रहा है, जिससे मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने से पहले फॉरेंसिक टीम से गहन जांच कराई। मृतका शालू के पिता राजकुमार की कई साल पहले मौत हो चुकी थी। घर में मां, तीन भाई और एक बहन हैं। सीओ सदर डॉ. रविशंकर मिश्रा ने साफ किया है कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध है। उन्होंने कहा, जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आती, हम कुछ भी नहीं कह सकते। हम हत्या और आत्महत्या, दोनों एंगल्स से जांच कर रहे हैं।

